



## एक नजर में

### चोरी के विरोध में एसोसिएशन हुई लामबंद

**नवभारत न्यूज खरगापुर। नगर के श्रीजी मेडिकल स्टोर में चोरी होने पर जिला मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी के नेतृत्व में खरगापुर थाना पहुंचकर थाना प्रभारी अंबर सिंह सिकरवार को ज्ञापन दिया।**

ज्ञापन में बताया गया कि शासकीय कन्या माध्यमिक शाला विद्यालय के पास स्थित श्रीजी मेडिकल स्टोर पर रात्रि में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर दुकान से 10 हजार 150 के लगभग रुपए चुरा कर ले गए एवं रूपयो का दराज तोड़कर फेंक दिया। इसके विरोध में जिला मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेंद्र जोशी के नेतृत्व में खरगापुर के समस्त मेडिकल स्टोर साथियों ने पुलिस को ज्ञापन देकर चोरी के मामले में उचित कार्यवाही करने के लिए आग्रह किया।

ज्ञापन देने वालों में जिला मेडिकल एसोसिएशन उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जोशी, डॉ कमलेश विश्वास, भागचंद करैया, डॉक्टर दीपू जूवारिया, सिद्धि मेडिकल मनीष जैन, सलमान बैना, कृष्ण मुकुंद, करन, अवधेश प्रताप सिंह राठौर, सचिन मेहता, जगदीश तिवारी, देवव्रत तिवारी, बृजेश जैन, आसिफ रजा, उमेश साहू अन्य मेडिकल एसोसिएशन के साथी उपस्थित रहे।

# वन क्षेत्र में मशीनों से हो रहा अवैध रेत का उत्खनन

**मोहनगढ़ क्षेत्र के रेत माफियाओं के हौसले बुलंद**

**जानकारी होने के बाद भी नहीं होती प्रभावी कार्यवाही**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ/मोहनगढ़। यूपी की सीमा से लगे हुए मोहनगढ़ क्षेत्र में इन दिनों रेत का कारोबार अवैध रूप से जमकर चल रहा है। रेत माफिया अब पहाड़ियों को निशाना बनाकर मिट्टी निकालकर उससे रेत बनाकर बेचने का कार्य कर रहे हैं। नदियों के सीना छलनी करने वाले अब रेत कारोबारियों ने पहाड़ियों से सटे हुए इलाके और नालों के सतहों को छलनी करना शुरू कर दिया है। मोहनगढ़ क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक गांवों में रेत बन रही है और इस रेत को बेखोफ होकर विक्रय किया जा रहा है। सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्राली रेत रोजाना मोहनगढ़ से तटस्थ उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं। रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर प्रशासन द्वारा कार्यवाही भी नहीं की जा रही है। इतना ही नहीं माफिया अब वन्यक्षेत्र भूमि को भी अपना निशाना बनाने में लग गए है।**

अवैध रेत एवं पत्थर के कारोबार से जहां राजस्व को हानि हो रही हैं। वहीं दिनों दिन यह कारोबार जमकर फल फूल रहा है। दरअसल है कि मोहनगढ़ क्षेत्र में इन दिनों रेत माफिया प्रशासन और राजनीतिक संरक्षण के चलते राजस्व और वन भूमि के साथ-साथ नदी नालों के सीमाओं से अवैध रूप से मिट्टी निकाल कर उसे डीजल पंप व विद्युत मोटर के माध्यम से धोकर रेत बना रहे। आलम है कि रेत माफिया बेखौफ इस कार्य को करने जुटे हैं। खनिज माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे बीच शहर व थाने के सामने गुजर कर नगर में अवैध तरीके से आपूर्ति करते हुए देखे जा सकते हैं। रेत के ट्रैक्टरों पर कार्यवाही नहीं होने से दिन प्रतिदिन इनकी संख्या में इजाफा भी होता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है। वह जानकर भी अंजान बने बैठे हैं। कार्यवाही ना होने के कारण रेत माफियाओं के हौसले दिनों दिन बुलंद होते जा रहे है और वह निरंतर इस कार्य में लगे है।

### माफिया अपनी गति से दे रहे पत्थर चोरी को अंजाम

मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में हालात काफी खराब हैं, जहां पर रेत का कारोबार बड़े स्तर पर चल रहा है। यहां तक कि रेत माफिया शाम ढलते ही थाना क्षेत्र के जमीनी नदी पर मडियन घाट, घूमटा घाट, आम घाट,बारगी नदी के साथ एक दर्जन से अधिक गांवों में जैसे इकवालपुरा, हनुपुरा, पिथनोरा, कंवरपुरा, केशवढ़, खाकरोंन,खरबम्होरी, मस्तापुर,मालपीथा, कौड़ियां,वनगाएं,बरेठी आदि स्थानों पर दिन रात मशीनों के सहारे पहाड़ियों और नदी नालों को छलनी कर रहे हैं। भले ही मोहन सरकार माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही करने की बात कह रही हो, लेकिन हकीकत यह है कि इस काम के लिए कुछ रेत माफियाओं ने थाना क्षेत्र को अपना ठिकाना बना रखा है। अवैध रेत से मोटी रकम कमाने के लिए माफिया दिन रात पूरी गति से पत्थर चोरी के कार्य को अंजाम दे रहे है।

### माइनिंग विभाग से बात कर होगी संयुक्त कार्यवाही

मोहनगढ़ क्षेत्र में हो रहे रेत एवं पत्थर के अवैध कारोबार के संबंध में जतारा एसडीएम संजय दुबे से बात की गई तो उन्होंने कहा कि समूचे क्षेत्र में अवैध उत्खनन पूर्णत प्रतिबंध है, मैं माईनिंग विभाग के अधिकारियों को जानकारी देता हूं,अगर इस प्रकार की गतिविधियां मोहनगढ़ क्षेत्र में चल रही है तो मिलकर संयुक्त कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा। एसडीएम संजय दुबे ने बताया कि जतारा क्षेत्र में अभी कुछ दिनों पहले ही अवैध रेत खनन के मामले को लेकर एक बड़ी प्रभावी कार्यवाही की गई थी जिसके चलते इस क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वाले माफियाओं में दहशत का माहौल व्याप्त है। उन्होनें बताया कि कार्यवाही के बाद से ही अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाया जा चुका है।

# फसलों में दवा के घोल का करें छिड़काव



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। आगामी 5 दिनों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहने तथा मध्यम से घना कोहरा छाये रहने की संभावना हैं। दिन का अधिकतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने तथा रात का न्यूनतम तापमान 5 से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। हवा की औसत गति एक से 5 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है।**

पिछले 24 घण्टों से ओस की मात्रा शून्य दर्ज की जा रही है तथा रात के तापमान में गिरावट रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए, किसान फसलों में बिशेषकर सब्जियों तथा फ्ल बागों में सिंचाई का कार्य करें। आागामी 5 दिनों के दौरान रात का न्यूनतम तापमान 07 डि.से. से कम रहने की संभावना को घ्यान में रखते हुए, चना तथा मटर की फ सल में इल्लियों की सक्रियता में कमी रहेगी।

किसान भाई फ्सल का निरीक्षण करते रहें तथा खेत में 20 फीट की दूरी पर टी-टाईप खूंटी लगा दें एवं प्रकाश या फेरोमेन प्रपंच का प्रयोग करें। सरसों में मांहू का प्रकोप देखा जा रहा है, अत: किसान भाई फ्सल का निरीक्षण करें तथा मांहू का प्रकोप पाये जाने पर, बचाव हेतु इमिडाक्लोप्रिड या मिथाइल डेमैटॉन 25 ई.सी.2.0 मिली मात्रा एक लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। फ्सल में जड़ माहूं के प्रकोप को रोकने के लिए क्लोरपायरीफॉस 20 ई.सी.1.25-1.5 लीटर दवा को 60-80 कि.ग्रा. बालू या रेत के साथ मिलाकर सिंचाई से ठीक पहले भुरकाव करें ।नर्सरी में बोयी गई रबी मौसम की पौध को पोलीथीन से ढक दें परंतु पौधों को दक्षिण-पूर्वी भाग खुला रखें ताकि नर्सरी में दोपहर की धूप मिलती रहे।

# सर्द हवाओं ने डाला डेरा, ठिठुरन वाली ठंड से जनजीवन का बुरा हाल



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पिछले 48 घंटों के दौरान दिन के तापमान में 8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 18 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जबकि रात का तापमान 2.5 डिग्री बढ़कर 10.8 डिग्री पर पहुंच गया।**

सर्द हवाओ के कारण अब ठिठुरन वाली ठंड का एहसास होने लगा है। शुक्रवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और हल्का कोहरा देखा गया। इससे पहले गुरुवार को अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री था जो शुक्रवार को 18 डिग्री पर आ गया। रात के तापमान में वृद्धि हुई है जो गुरुवार के 8 डिग्री से बढ़कर शुक्रवार को 10.8 डिग्री हो गया। पिछले दो दिनों से ओस भी नहीं गिर रही है। मौसम विभाग के अनुसार मौसम साफहोते ही रात के तापमान में तेजी से गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक लगातार सर्द हवाएं चलने का अनुमान जताया है। इसके चलते दिन का तापमान 17 से 18 डिग्री और रात का तापमान 6 से 7 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। इस हफ्ते लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ सकता है। 8 जनवरी के बाद दिन और रात के तापमान में वृद्धि के आसार हैं।भू अभिलेख से जानकारी के अनुसार इस हफ्ते तापमान में उतार-चढ़ाव देखा गया। रविवार को अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री और न्यूनतम 8.5 डिग्री था। सोमवार को अधिकतम 21 डिग्री और न्यूनतम 8 डिग्री दर्ज किया गया।मंगलवार को अधिकतम 25.2 डिग्री और न्यूनतम 7.9 डिग्री रहा।

# मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। लोगों ने मच्छरों से बचाव के लिए नालियों में दवा छिड़काव की मांग की है।**

दरअसल सर्दी का मौसम होने के कारण लोग इन दिनों पंखा, कूलर का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। जिसके कारण लोगों को मच्छरों का शिकार होना पड़ रहा है। मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोगों में मलेरिया जैसी घातक बीमारी की आशंका बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने नालियों एवं गंदे स्थानों पर कीटनाशक दवा छिड़काव की मांुग की है।

# अनाधिकृत विद्युत उपभोक्ताओं के खिलाफ प्रकरण तैयार

**नवभारत न्यूज पलेरा। विद्युत चोरी के विरुद्ध छापेमारी करने के लिए निकले मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड पलेरा के अधिकारी-कर्मचारियों ने विद्युत वितरण अंतर्गत ग्राम पाली, रामपुरा और निवावरी में 42 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की जांच की। जहां 42 उपभोक्ताओं में 24 अनाधिकृत रूप से विद्युत उपयोग करते पाए जाने पर उनके विरुद्ध प्रकरण तैयार किए गए ।**




कार्यवाही में 15 उपभोक्ताओं के पंचनामा तैयार कर स्थल पर अस्थायी संयोजन टीसी जारी करते हुए 9 कनेक्शनों को वैधानिक किया गया। अधीक्षण अभियंता सरोज कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर सहायक अभियंता पलेरा लक्ष्मण कुशवाहा द्वारा की गई कर्रवाई से उपभोक्ताओं में हड़कंप की स्थिति बनी रही तो बड़ी कार्यवाही की आशंका से उपभोक्ताओं ने आनन-फानन में कनेक्शन लिए और प्रकरणों पर कार्रवाई की बजाय समाधान मांगा।

# भूमि आवंटन से खुले रोजगार के अवसर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीकमगढ़ जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र सुनौरा खिरिया में 5 रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए एक जनवरी की सुबह 11 बजे से 15 जनवरी को अपराह्न 5 बजे तक एक्सप्रेशन ऑफ इन्टरेस्ट आमंत्रित किए गए है। भूमि आवंटित होने से रोजगार के अवसर मिलेंगे।**

प्रक्रिया अंतर्गत प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क 5 हजार रूपये होगा। आवेदन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क के अतिरिक्त आवेदित भूमि के लिए आवेदन दिनांक को प्रचलित प्रव्याजीकी 25 प्रतिशत अग्रिम राशि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा करनी होगी। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन के प्रावधानों अनुसार किया जाएगा।

# ग्रामीणों ने हाथों में तख्तियां लेकर की जमकर नारेबाजी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के जिला अस्पताल चौराहे पर शनिवार को ग्रामीणों ने गोचर और वन भूमि से अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत जसवंत नगर की महिलाएं हाथों में तख्तियां लेकर शामिल हुईं और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और ग्रामीण अपनी मांगों को लेकर अस्पताल चौराहे पर धरने पर बैठे हैं।**




प्रदर्शन में शामिल ओबीसी महासभा के जिला प्रभारी रविन्द्र सिंह लोधी ने बताया कि ग्राम जसवंत नगर की गौचर भूमि, शमशान भूमि और वन भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। यह अतिक्रमण लगभग 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर फैला हुआ है। श्री लोधी ने आरोप लगाया कि गांव के दबंग, राजनैतिक और प्रभावशाली लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों से सांठगांठ कर अवैध रूप से कब्जा किया है। उन्होंने यह भी बताया कि वन भूमि में खड़े हजारों सागौन, सेजा, महुआ और छेवले के हरे-भरे पेड़ों को काटकर भूमि पर फसल बोकर कृषि कार्य किया जा रहा है।

अवैध कब्जे के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गायों के लिए गोचर भूमि नहीं बची है, जिससे मवेशियों को चरने के लिए जगह नहीं मिल रही है। इसके अतिरिक्त, अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम भी उपलब्ध नहीं है। इसके साथ ही ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में वे कई बार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके अलावा, सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन इसके बावजूद गोचर भूमि और वन भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण अस्पताल चौराहे पर धरने पर बैठे हैं।

# कहानियों एवं प्रश्नों के माध्यम से बंदियों से साक्षात्कार

**जिला जेल में सरस्वती पूजन के साथ परिचय कार्यक्रम संपन्न**

**आनन्द संस्थान के सदस्यों ने दी बुन्देली भजनों की प्रस्तुति**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य आनंद संस्थान आनन्द विभाग एवं जिला प्रशासन टीकमगढ़ के निर्देशन में जिला जेल टीकमगढ़ में एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन के अवसर पर मां सरस्वती का पूजन एवं ईश वन्दना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।**




जिले के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर नितिन बबेले ने अल्पविराम की सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा संक्षेप में सारगर्भित परिचय देकर भूमिका बनाई। इसके बाद जिले की मास्टर ट्रेनर वैदेही त्रिपाठी ने रिश्ते सत्र लिया, और उनको मधुर करके स्थायी आनंद तक पहुंचने की धारणा को पुष्ट किया। कई प्रतिभागी इस दौरान भावुक हो गए, और उन्होंने रिश्ते सुधारने का प्रण भी लिया। इसके बाद मास्टर ट्रेनर रविंद्र यादव ने आनंद को कई कहानियों और प्रश्नों के माध्यम से समझाने का प्रयास किया, प्रतिभागियों ने तरह तरह के प्रश्नों से आनंद को जाना। इस मौके पर आनन्दम सहयोगी शंकर सिंह ठाकुर एवं विशाल कड़ा ने भी अपनी अपनी गतिविधियों से प्रतिभागियों को जोड़ा। इसके बाद आनंदम दल की टीम ने सभी बंदी प्रतिभागियों के बीच एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी सहित क्षेत्रीय भाषा बुंदेली में भजनों को सुनाया गया। जिसका रसास्वादन सभी ने किया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से कीर्तन का आयोजन किया गया। अंत में आनंदम टीम ने गीत सुनाकर कार्यक्रम का समापन कराया। कार्यक्रम के अंत में कुछ प्रतिभागियों ने बोला कि गत 2025 का वर्ष सबसे सुखद रहा हैं और अब 2026 की शुरूआत भी सुखद रूप से हुई है।

### कार्यक्रम में इनकी रही सक्रियता

राज्य आनंद संस्थान आनन्द विभाग एवं जिला प्रशासन टीकमगढ़ के निर्देशन में जेल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षक सियाराम यादव आनन्द विभाग के डीपीएल नितिन बबेले, मास्टर ट्रेनर रविंद्र यादव, वैदेही त्रिपाठी, आनंदम सहयोगी शंकर सिंह ठाकुर, विशाल कड़ा, संकीर्तन पार्टी आदि उपस्थित रहे। जिन्होंने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है । इससे पहले भी ऐसे कार्यक्रम जिलेभर में आयोजित किए जा चुके हैं।

**कार्यवाही** | **26 अधिकारी एवं कर्मचारियों से मांगा तीन दिन में जवाब**

# अस्थाई पुलिस अधीक्षक को प्रभारी न लिखने पर नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने विभाग के 26 अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी किए हैं। यह कार्यवाही अस्थायी पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार को प्रभारी न लिखने पर की गई है। एसपी ने सभी से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है, ऐसा न करने पर एकतरफा कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।**



दरअसल एसपी मनोहर सिंह मंडलोई 1 से 26 दिसंबर तक ट्रेनिंग पर थे। इस अवधि के दौरान, शिवपुरी की 18वीं वाहिनी के सेनानी आलोक कुमार को टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। मंडलोई के ट्रेनिंग से लौटने और कार्यभार संभालने के बाद यह मामला सामने आया। एसपी मंडलोई की नाराजगी इस बात को लेकर है कि अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों ने आलोक कुमार को आधिकारिक पत्राचार में प्रभारी पुलिस अधीक्षक क्यों नहीं लिखा। नोटिस पाने वालों में पुलिस आरआई कनक सिंह चौहान, यातायात प्रभारी कैलाश पटेल और स्टेनो भागीरथ प्रजापति सहित 26 लोग शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक मनोहर मंडलोई द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है जिनमें कनक सिंह चौहान, कैलाश पटेल, भागीरथ प्रजापति, रामाचार त्रिपाठी, रत्नेश तिवारी, मयंक नगाइच, एसएस हसन, अंकित खरे, लक्ष्मीकांत कड़ा, गौरव घोष, उमाशंकर विश्वकर्मा, विवेक त्रिपाठी, मीनू दुबे, महेश साहू, प्रमोद शर्मा, उमाकांत तिवारी, चन्द्रभान रैकयार, नजमा खान, गीता भट्ट, राकेश मिश्रा, माया जैन, अजय मिश्रा, प्रफुल्ल मिश्रा, रानू विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, विधा खरे और धानेन्द्र रजक शामिल हैं। दरअसल 1 से 26 दिसंबर तक उनके ट्रेनिंग पर रहने के कारण आलोक कुमार को पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। इसके बावजूद इन सभी ने इस अवधि में आलोक कुमार को प्रभारी पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ न लिखकर सीधे पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ पदनाम से पत्राचार किया। जिसके चलते इन सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा नोटिस देकर तीन दिवस के भीतर जबाव तलब किया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि इस कृत्य के संबंध में तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करें, अन्यथा माना जाएगा कि उन्हें कुछ नहीं कहना और नियमानुसार एकतरफा कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने विभाग के 26 अधिकारियों और कर्मचारियों को नोटिस जारी किए हैं। यह कार्यवाही अस्थायी पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार को प्रभारी न लिखने पर की गई है। एसपी ने सभी से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है, ऐसा न करने पर एकतरफा कार्यवाही की चेतावनी पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नोटिस दी है।

### इन्हें देना होगा नोटिस का जवाब

नोटिस का जबाव देने वालों में कनक सिंह चौहान, कैलाश पटेल, भागीरथ प्रजापति, रामाचार त्रिपाठी, रत्नेश तिवारी, मयंक नगाइच, एसएस हसन, अंकित खरे, लक्ष्मीकांत कड़ा, गौरव घोष, उमाशंकर विश्वकर्मा, विवेक त्रिपाठी, मीनू दुबे, महेश साहू, प्रमोद शर्मा, उमाकांत तिवारी, चन्द्रभान रैकयार, नजमा खान, गीता भट्ट, राकेश मिश्रा, माया जैन, अजय मिश्रा, प्रफुल्ल मिश्रा, रानू विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, विधा खरे और धनेन्द्र रजक के नाम शामिल हैं।

# आत्मरक्षा-अधिकारों का दिया मार्गदर्शन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस द्वारा इन दिनों महिला सुरक्षा - स्वतंत्रता - सम्मान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नीड, परी, भरोसा, सहारा एवं आसरा नामक विशेष महिला पुलिस दल गठित किए गए हैं, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और अधिकारों से संबंधित प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।**

आसरा महिला पुलिस दल द्वारा थाना देहात अन्तर्गत क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वृद्ध महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं दैनिक दिनचर्या की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही पुलिस की आपातकालीन सेवाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन प्रदान किया गया ।

# मामले की निष्पक्ष जांच कराने दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला मुख्यालय पर शनिवार के रोज ग्राम पंचायत बजरंगखेरा के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने गांव के कुछ व्यक्तियों पर अवैध कब्जा करने और मारपीट की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।**

बजरंगखेरा निवासी नेहा यादव ने बताया कि गत 2 जनवरी को उन्होंने सार्वजनिक सड़क और नाली पर अतिक्रमण के संबंध में एसडीएम और देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत के बाद बजरंगखेरा से आए ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही जगदीश यादव, वीरेंद्र यादव, श्रीपाल यादव, नंदराम यादव और निशांत यादव ने उन्हें धमकी दी है। वहीं नेहा यादव ने बताया कि उक्त व्यक्तियों ने गांव के कुछ लोगों के खिलाफ देहात थाने में मारपीट की झूठी शिकायत दर्ज करा दी। ग्रामीणों का दावा है कि उनके या गांव के किसी भी व्यक्ति का इन लोगों के साथ न तो कोई मारपीट हुई है और न ही कोई विवाद हुआ था।

साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि जगदीश यादव और अन्य लोगों के खिलाफ उन्होंने पहले भी आवेदन दिया था, लेकिन पुलिस ने तब कोई कार्रवाई नहीं की थी। इसके बाद इन लोगों ने देहात थाने पहुंचकर पुलिस को मारपीट की भ्रामक जानकारी देकर शिकायत दर्ज करा दी। अब ग्रामीणों ने एसपी को सौंपे ज्ञापन में दर्ज की गई एफआईआर की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने एसपी के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।